# अनिल ओझा को साहित्य अकादमी का भाषा सम्मान

**कोलकाता.** वर्ष 2019 के लिए साहित्य अकादमी का प्रतिष्ठित भाषा सम्मान पुरस्कार भोजपुरी भाषा व साहित्य में विशिष्ट योगदान के लिए अनिल कुमार ओझा 'नीरद' (कोलकाता) व अशोक द्विवेदी (बलिया) को संयुक्त रूप से प्रदान किया गया था. यह पुरस्कार अकादमी के साहित्योत्सव 2023 में नयी दिल्ली में साहित्य अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक द्वारा प्रदान किया जाना था. लेकिन आकस्मिक अस्वस्थता के कारण श्री नीरद यह पुरस्कार ग्रहण करने नहीं पहुंच पाये थे, इसलिए एक लाख रुपए के इस पुरस्कार के साथ दिया जानेवाला ताम्र फलक साहित्य अकादमी के क्षेत्रीय सचिव डॉ देवेंद्र कुमार देवेश ने उनके आवास पर जाकर उन्हें दिया. श्री नीरद ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अकादमी का यह पुरस्कार उनके लिए नोबेल पुरस्कार की तरह है.

